गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण

(ISO 9001:2015 एवं ISO 14001:2015 प्रमाणित संस्था)

विकास पथ, गाज़ियाबाद

पत्रांक / 1005 / क.अनु. / 2020 **दिनांकः 02.12.2020**

सार्वजनिक सूचना

मधुबन बापूधाम योजना के अन्तर्गत दुर्बल आय वर्ग के लिए प्रधानमंत्री आवासीय योजना में निर्मित 856 भवनों से सम्बन्धित योजना सं0–853–41D (ई.डब्ल्यू.एस.) का ड्रॉ पूर्व में सम्पन्न कराया गया था। इस ड्रॉ के अन्तर्गत सफल आवेदकों के अभिलेखों एवं पात्रता की जाँच कराये जाने पर 239 आवेदक अपात्र पाये गये थे। इन अपात्र पाये गये आवेदकों के स्थान पर प्रतीक्षा सूची के पात्र अभ्यार्थियों को भवन नम्बर आवंटन किया जाना है। इसके अतिरिक्त अवशेष भवनों के आरक्षण / आवंटन की कार्यवाही भी की जानी है।

अतः उपरोक्त के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों के चयन हेतु नियमानुसार आवेदकों के मध्य दिनांक– 16.12.2020 को प्राधिकरण के हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में प्रातः 10.00 बजे से ड्रॉ किया जाना प्रस्तावित है।

1. प्रतीक्षा सूची के अन्तर्गत पात्र पाये गये 57 आवेदकों को ड्रॉ के माध्यम से भवन नम्बर आवंटित किया जाना प्रस्तावित है।
2. आवंटन के अन्तर्गत अवशेष 182 भवनों के लिए पात्र आवेदकों के मध्य ड्रॉ के माध्यम से आरक्षण / आवंटन किया जाना प्रस्तावित है।

ड्रॉ से पूर्व आवेदक प्राधिकरण की वेबसाईट **www.gdaghaziabad.com** एवं प्राधिकरण जन सम्पर्क कार्यालय में उपलब्ध पात्र / असफल आवेदकों की सूची एवं पात्र आवेदकों की प्रतीक्षा सूची में अपना नाम दिनांक–05.12.2020 को देख सकते हैं। समस्त आवेदक लॉटरी ड्रॉ में निर्धारित तिथि व समय पर अपनी पंजीकरण धनराशि की मूल चालान प्रति लेकर स्वयं उपस्थित रह सकते हैं।

सचिव

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, : @gdagzb, : gdagzb

हेल्पलाईन नं0: 0120-3342433, व्हाट्सएपः 9818988807, वेबसाईटः www.gdaghaziabad.com

एक सुन्दर शहर........हमारा संकल्प